आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्र सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए उन्यासी हजार करोड़ रुपये के रक्षा प्रस्तावों को दी मंजूरी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा खरीद परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए तीनों सेनाओं से जुड़े इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।
- हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाएगी प्रदेश सरकार। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा। कहा–हर गांव में होना चाहिए एक खेल का मैदान।
- सर्वोच्च न्यायालय ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर लगाई रोक। भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की नहीं होगी रिहाई।
- प्रदेश भर में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने तापमान में बढ़ोत्तरी के दिये संकेत।

**********

रक्षा खरीद परिषद ने कल उन्यासी हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं से जुडे इन प्रस्तावों के लिए स्वीकृति प्रदान की। एक रिपोर्ट–

***भारतीय सेना के आर्टिलरी रेजिमेंट के लिए लॉइटर मुनिशन प्रणाली, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट प्रणाली के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट गोला–बारूद तथा एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणाली एमके–2 सहित विभिन्न रक्षा प्रणालियों की खरीद की मंजूरी प्राप्त हुई। लॉयटर म्यूनिशन का उपयोग सामरिक लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिए किया जाएगा, जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे आकार के कम ऊंचाई पर उड़ने वाले मानवरहित विमानों का पता लगाने और उन पर नजर रखने में सक्षम होंगे। भारतीय वायु सेना के लिए, हवाई क्षेत्र में मौजूद सुरक्षा कमियों को दूर करने के लिए स्वचालित टेक–ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग प्रणाली की खरीद की मंजूरी दी गई। यह प्रणाली हर मौसम में विमानों के उड़ान भरने और उतरने की स्वचालित रिकॉर्डिंग की सुविधा प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, रक्षा खरीद परिषद ने नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स की भी मंजूरी दे दी। यह ऐसे छोटे जहाज होते हैं जो नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों को संकरे जलक्षेत्र में लंगर डालने, लंगर से बाहर निकाल के खीचने और नियंत्रित करने में मदद करते हैं। पल्लवी परमार के साथ, आदर्श, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिले स्तर पर बड़ा स्टेडियम बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ सरकार हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनायेगी। मुख्यमंत्री कल गोरखपुर में विधायक खेल स्पर्धा दो हजार पचीस के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है।

***हर गांव में एक खेल का मैदान होना चाहिए। यह स्पोर्ट्स कॉलेज का कैंपस है। कितना भव्य स्टेडियम का निर्माण यहां पर भी हो रहा है। रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में भी पहली बार 63 करोड़ रूपये की लागत से स्टेडियम का निर्माण हम वहां पर करने जा रहे हैं और गोरखपुर में बेलीपार के पास एक इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण करने जा रहे हैं जहां इंटरनेशनल स्पोर्ट्स की प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ा कर के गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवानों को खेल और खेलकूद की प्रतियोगिता में आगे बढ़ने का एक अवसर प्राप्त हो सके।***

**********

प्रदेश विधान भवन में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन अगले साल उन्नीस जनवरी को शुरू होगा। यह जानकारी प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कल लखनऊ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी।

***माननीय लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला साहब करेंगे उद्घाटन अवसर सत्र पर मुख्यमंत्री जी उस मुख्य अतिथि के नाते से वह रहेंगे। वाइस पर्सन ऑफ राज्यसभा वह रहेंगे। लीडर ऑफ अपोजिशन रहते हैं, चेयरमैन रहते हैं, काउंसिल के और विधानसभा के स्पीकर रहते हैं और समापन में गवर्नर मैडम रहती हैं तो 20–21 तारीख को समापन होगा, 22 तारीख को अयोध्या जाएंगे।***

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को वर्ष दो हजार सत्रह के उन्नाव दुष्कर्म मामले में दी गई आजीवन कारावास की सजा निलंबित कर दी गई थी। न्यायालय ने यह सुनिश्चित किया कि वह जेल में ही रहेगा। एक रिपोर्ट–

***न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अध्यक्षता वाली पीठ ने कुलदीप सिंह सेंगर को नोटिस जारी कर सीबीआई की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई । सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया। पीठ ने कहा***

***कि वह इस मामले की जांच करेगी क्योंकि यह मामला विचार करने योग्य है। पीठ ने कहा कि सेंगर को हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा। इस मामले में कानून के महत्वपूर्ण प्रश्न विचारणीय हैं और मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी गई। समाचार कक्ष से निखिल कुमार।***

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों और अरावली पर्वत श्रृंखला की परिभाषा पर बीस नवंबर को जारी अपने आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी तथा ए.जी. मसीह की अवकाश पीठ ने इस सम्बंध में नई विशेषज्ञ समिति गठित करने का भी आदेश दिया। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वतमाला से संबंधित अपने ही आदेश पर रोक लगाने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और मुद्दों का अध्ययन करने के लिए नई समिति गठित करने का स्वागत किया है।

**********

उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के तत्वावधान में लखनऊ में जारी राज्य स्तरीय बालक हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने कल शानदार प्रदर्शन किया। कल हुए अलग–अलग मैच में स्पोर्ट्स हॉस्टल झाँसी ने सैफई को तीन एक से हराया। वहीं स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी ने लखनऊ मण्डल को दो शून्य से पराजित कर दिया। स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने बरेली मण्डल पर 3–0 से जीत दर्ज की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने बस्ती मण्डल को 5–0 से पराजित किया।

**********

मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के एक मकान के दूसरे तल पर लगी आग में कल तीन लोगों की जल कर मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर तौर पर घायल है। हादसे की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। अंतिम समाचार मिलने तक आग लगने के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी थी। प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी घटना स्थल का दौरा कर हादसे के शिकार लोगों के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान में आज के बाद दो से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है। वहीं न्यूनतम तापमान में करीब छत्तीस घंटे के बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना है। इस बीच, प्रदेश भर में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। कोहरे के कारण हवाई और रेल सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अधिकांश ट्रेनें देरी से चल रही हैं और कई उड़ानें भी रद्द हुई हैं। ठंड और कोहरे से खेतों में लगी फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। इटावा में कृषि विभाग के उप निदेशक आरएन सिंह ने फसलों को सुरक्षित रखने के उपाय बताये हैं।

***वर्तमान में जो कोहरे की प्रवृत्ति बनी हुई है, इसके कारण आलू की फसल को थोड़ा नुकसान हो सकता है। ऐसे में झुलसा का अटैक हो सकता है। ऐसे में हम किसानों को सलाह देंगे कि वह ढाई किलो ग्राम मेनकोजेब का प्रयोग 500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। इस दवा का प्रयोग किसान भाई कर दें तो उनकी फसल को नुकसान कम होगा।***

मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ स्थानों पर आज भी घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर कल भी यही स्थिति रहेगी। विभाग ने एक जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं हल्की वर्षा होने की भी संभावना व्यक्त की है।

**********